**Bhavan's Tripura Vidyamandir**
**1st Periodic Assessment: (2025-2026)**

**Class:- 10** **Subject:- Hindi**
Time:- 2 Hours Total:- 50 Marks
Name of the student : Roll: Sec:

---

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. अपठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए :-- 7

ईश्वर तो उनकी सहायता करते हैं जो अपनी सहायता स्वयं करते हैं। आत्मनिर्भरता स्वावलंबियों की आराध्य देवी है। इस देवी-उपासना से उनका आलस्य अंतर्धान हो जाता हैनिर्भीक होकर कायरता नष्ट हो जाती है तथा संकोच समाप्त हो जाता है। ; आत्मविश्वास उत्पन्न होता है, आत्मगौरव जागृत होता है। स्वावलंबी व्यक्ति कष्टों और बाधाओं को रौंदता हुआ काँटों से भरे पथ पर निर्भीकतापूर्वक आगे बढ़ता है। स्वावलंबन मानव में गुणों को प्रतिष्ठा स्थापित करता है। आत्मबल, आत्मसम्मान, आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता, आत्मरक्षा, साहस, संतोष, धैर्य आदि गुण स्वावलंबन के सहोदर हैं। ऐसे महान प्रचंड, शक्ति-संपन्न स्वावलंबी मनुष्य समाज और राष्ट्र का जीवन है। ऐसे व्यक्ति समाज और राष्ट्र के लिए बल, गौरव एवं उन्नति का द्वार हैं। सुख, शांति तथा सफलता के प्रदाता हैं, आत्मनिर्भरता के परिचायक हैं, शौर्य, शक्ति तथा समृद्धि के साधन हैं।

स्वावलंबन व्यक्ति, राष्ट्र तथा मानव मात्र के जीवन में सर्वांगीण सफलता प्राप्ति का महामंत्र है। जीवन का आभूषण है। कर्तव्य श्रृंखला की प्रथम कड़ी है, वीरों और कर्मयोगियों का इष्टदेव है और सर्वांगीण उन्नति का आधार है।

क) आत्मनिर्भरता किनकी आराध्य देवी है ? 1
i) आलसियों की ii) विद्यार्थियों की iii) दानवों की iv) स्वावलंबियों की

ख) मानव में गुणों की प्रतिष्ठा कौन करता है ? 1
i) अभिमान ii) स्वावलंबन iii) भगवान iv) शिक्षक

ग) निम्नलिखित कथन )A) तथा कारण )R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए :-- 1
कथन )A) : स्वावलंबी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के लिए बल, गौरव एवं उन्नति का द्वार होता है।
कारण )R) : ऐसा व्यक्ति कष्टों और बाधाओं को रौंदता हुआ जीवन पथ पर आगे बढ़ता है।
i. कथन )A) तथा कारण )R) दोनों गलत हैं।
ii. कथन )A) गलत है, लेकिन कारण )R) सही है।
iii. कथन )A) सही है, लेकिन कारण )R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
iv. कथन )A) तथा कारण )R) दोनों सही हैं, तथा कारण )R) कथन) A) की सही व्याख्या करता है।

घ) स्वावलंबन का सहोदर किसे कहा गया है ? 2

ङ) स्वावलंबन कैसा महामंत्र है स्पष्ट कीजिए। ? 2

2. 'पदबंध 'पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-- 4X1= 4
क) बड़े-बड़े विद्वान भी शुद्ध अंग्रेज़ी नहीं लिख सकते, बोलना तो दूर रहा।) रेखांकित पदबंध का नाम(
ख) भाग्य का मारा उसे कहीं भी ठिकाना न मिला। सर्वनाम पदबंध)छाँटकर लिखिए(
ग) पदबंध को ------ भी कहा जाता है। रिक्त स्थान में सही शब्द)भरिए(
घ) वह वहाँ शांतिपूर्वक रहता है। (रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए)

3. 'मुहावरे 'पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-- 3X1 = 3
क) 'घुड़कियाँ खाना 'मुहावरे से एक वाक्य बनाइए।
ख) बोर्ड परीक्षा में प्रथम आने के लिए दिन रात-------- पड़ती है।
)रिक्त स्थान में सही मुहावरे भरिए(
ग) छिपकर आना- अर्थ के लिए सही मुहावरे लिखिए।

4. 'समास' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-- 4X1= 4
क) 'यथोचित 'समस्त पद का समास-विग्रह और समास का नाम भी लिखिए।
ख) तत्पुरुष समास का कौन सा पद-प्रधान होता है ?
ग) 'चौमासा 'समस्त पद किस समास का उदाहरण है और क्यों ?
घ) 'मन से गढ़ा हुआ 'समास-विग्रह का समस्त पद और समास का नाम लिखिए।

5. अपने विद्यालय में नृत्य'-संगीत प्रतियोगिता का आयोजन 'किया गया है - इसके लिए लगभग शब्दों में एक सूचना तैयार 60 कीजिए। 4

अथवा

अपने विद्यालय में है 'रवीन्द्र संगीत प्रतियोगिता '– इसके लिए लगभग 60शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

क) अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को पुस्तकालय में हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं की व्यवस्था की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने इलाके की गंदगी की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए नगरपालिका अधिकारी को पत्र लिखिए।

6. काव्यांश क आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए :- 5X1 = 5

सुखिया सब संसार है, खायै अरू सोवै ।
दुखिया दास कबीर है, जागै अरू रोवै ।।
बिरह भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ ।
राम बियोगी ना जिवै, जिवै तो बौरा होइ ।।

क) संसार खाने और सोने में मस्त क्यों है ?

i) जीवन के प्रति निश्चिंतता के कारण ii) ईश्वर में अनाशक्ति के कारण
iii) धर्मभीरू लोगों के कारण iv) सोना ही धर्म है के कारण

ख) कबीर स्वयं को क्या मानते हैं ?

i) सुखी ii) ज्ञानी iii) दुखी iv) धनी

ग) 'सुखिया सब संसार है' – में कौन-सा अलंकार है ?

i) यमक ii) श्लेष iii) उपमा iv) अनुप्रास

घ) विरही जीवित क्यों नहीं रह पाता ?

i) क्योंकि वह लक्ष्यहीन होता है ii) क्योंकि वह अपनी प्रिया के विरह से बेचैन है
iii) प्रिया बिन उसका जीवन संभव नहीं है iv) उपरोक्त सभी सही है

ङ) 'बौरा होइ' से क्या अभिप्राय है ?

i) आम का बौर होना ii) पागल होना। iii) असहज होना iv) उपरोक्त सभी

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग शब्दों में दें 40:- 3X2 = 6

क ? कबीरदास राम के दर्शन के लिए क्या आवश्यक मानते हैं (

ख) पहले पद में मीरा ने हरि से अपनी पीड़ा हरने की विनती किस प्रकार की है ?

ग) मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दें :- 3X2 = 6

क) छोटे भाई ने बड़े भाई साहब के नरम व्यवहार का क्या फायदा उठाया?

ख) बड़े भाई साहब को मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थी?

ग) आज़ादी के संघर्ष में छात्रों की क्या भूमिका थी ?

10. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दें :- 2X3 = 6

क) हरिहर काका के मामले में गाँव वालों की क्या राय थी और उसके क्या कारण थे ?

ख) समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है ? ' हरिहर काका ' पाठ के आधार पर लिखिए।